04 पुराने अस्पताल की भूमि पर लगेगा राखी बाजार



08 करोड़ों शिव भक्तों ने ऑनलाइन की पार्थिव...





## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय फुटबॉल हेतु आशीष का मप्र की टीम में चयन



इटारसी। जूनियर बालक राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश फुटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए नर्मदापुरम जिला फुटबाल संघ के नव जागृति फुटबॉल क्लब, न्यूयार्ड से आशीष मालवीय का चयन किया गया। मध्य प्रदेश फुटबॉल टीम के चयन के लिए सिवनी छपारा में पिछले 25 दिनों से राष्ट्रीय कैंप का आयोजन किया जा रहा था। कैंप में मध्य प्रदेश के सभी जिलों से लगभग 73 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनमें से 30 खिलाड़ियों का चयन कैंप के लिए किया था। 30 खिलाड़ियों का कैंप पिछले 25 दिनों से मध्य प्रदेश के 2 कोचों द्वारा संचालित किया जा रहा था। उन दोनों कोचों ने 30 में से 20 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय टीम के लिए किया। इस कैंप में नर्मदापुरम के दो खिलाड़ियों को रखा था, जिसमें नमन चौधरी और आशीष मालवीय थे। अंतिम 20 में आशीष मालवीय का चयन मध्य प्रदेश राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए किया।

### 29 जुलाई तक जारी रहेगा नागद्वारी मेले का आयोजन

# नागद्वारी मेला अपने चरम पर, बच्चे युवा और बुजुर्ग पहुंच रहे पचमढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

**10 दिवसीय नागद्वारी मेले का उत्साह अपने चरम पर है। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से शिवभक्त दर्शन के लिए पचमढ़ी पहुंच रहे हैं।**

पचमढ़ी में हो रही बारिश ने वातावरण को खुशनुमा बना दिया है। पचमढ़ी की इन सुरम्य वादियों में शिव भक्तों का जनसैलाब पूरी भक्ति एवं उत्साह के साथ नागद्वारी की दुर्गम यात्रा को पूरा कर रहे हैं। यात्रा में भक्तों का उत्साह देखते ही बनता है। यात्रा के दौरान बुजुर्ग महिलाएं सहित छोटे-छोटे बच्चे भी भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए त्रिशूल हाथ में लिए संपूर्ण नागद्वारी ट्रैक से गुजर कर पद्मशेष नागद्वार गुफा अपने आराध्य के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। बारिश की रिमझिम फुहार में शिव भक्त नाचते गाते हुए ढोल नगाड़े बजाते हुए भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन होकर यात्रा का आनंद ले रहे हैं। मेले के दौरान ड्यूटी में तैनात पुलिस बल के जवानों एवं होमगार्ड सैनिकों द्वारा भक्तों को समझाईश दी जा रही है।



### प्रशासन ने बनाई व्यवस्था, भक्तों को मिली सुविधा

महादेव मेला समिति में कंट्रोल रूम 24x7 सतत मेला क्षेत्र में होने वाली समस्त गतिविधियों पर निरन्तर नजर बनाये रखा है, जिसमें श्रद्धालुओं की सुविधाओं और सुरक्षा को देखते हुए कंट्रोल रूम नंबर 252025 जारी किया गया है। जलगली, कालाझाड, चितांमन एवं नागद्वार इस स्थलों पर मोबाईल में नेटवर्क की अनुपलब्धता के कारण इन स्थलों से वायरलेस के माध्यम से जोड़ा गया है जिससे सूचना का आदान प्रदान पचमढ़ी कंट्रोल रूम में प्राप्त होता रहे, एवं कंट्रोल रूम द्वारा तुरंत निराकरण हेतु संबंधित को सूचना भी वायरलेस सेट के माध्यम से दी जा रही है। सेक्टर पर तैनात डॉक्टरों की टीम के पास मेडिकल से संबंधित आवश्यकता होने पर कंट्रोल रूम के माध्यम से उनकी हर संभव मदद सुनिश्चित की जाती है। श्रद्धालुओं द्वारा प्राप्त शिकायतों एवं सुझावों का निराकरण भी त्वरित कंट्रोल रूम से किया जा रहा है। कंट्रोल रूम में महिला सहायता प्रकोष्ठ के माध्यम से मेले में आने वाली महिलाओं की भी हर प्रकार से सहायता की जा रही है जिसके लिए महिला कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है एवं मोबाइल नेटवर्क से वंचित सुदूर क्षेत्रों को वायरलेस सेट से जोड़ा गया है।

### वालेंटियर जुटे सफाई कार्य में, एसटीआर क्षेत्र से उठा रहे कचरा

1 नागद्वारी मेले के दौरान वनक्षेत्र में प्लास्टिक, पन्नी, कचरा आदि के कारण वनक्षेत्र में अत्यधिक गंदगी होती है। इसलिए कचरे को साफ़ करने के लिए सतपुड़ा टाईगर रिज़र्व द्वारा एक सकारात्मक पहल की है जिसमें कोको कोला कम्पनी के वॉलेंटियर, महादेव मेला समिति के सदस्य एवं प्रशासन की मदद से मेलेक्षेत्र में होने वाले कचरे को बोरियों में भरकर प्रतिदिन एक निश्चित स्थान पर एकत्रित किया जा रहा है, पश्चात एकत्रित किए गए कचरें को पर्यटक वाहन कैंपर द्वारा बोरियों में भरकर अंबामाई मंदिर के समीप स्थित कैंट कचराघर में पहुंचाया जा रहा है।



# कलेक्टर ने किया खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

गुरुवार को कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा डोलरिया तहसील में स्थित मूंग उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण कर संपूर्ण खरीदी प्रक्रिया की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सफल एग्रोटेक वेयरहाउस बहराखेड़ी, सरस्वती वेयरहाउस डोलरिया, शिव वेयरहाउस आंवरी एवं आनंद वेयरहाउस नानपा का दौरा कर उपज तौल, बारदाना व्यवस्था, भुगतान की प्रक्रिया एवं कानून व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि केंद्रों पर स्लॉट बुकिंग करने वाले किसानों की उपज का समय पर उपार्जन सुनिश्चित किया जाए। आनंद वेयरहाउस नानपा पर अत्यधिक स्लॉट बुकिंग पाए जाने पर कलेक्टर ने उप संचालक कृषि जे आर हेडाउ को तत्काल दूरभाष के माध्यम से निर्देश दिए कि कुछ स्लॉट अन्य केंद्रों पर शिफ्ट कर किसानों की उपज का शीघ्र उपार्जन कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में किसानों के स्लॉट एक्सपायर न हों। कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि मूंग की खरीदी केवल शासन द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मानकों के आधार पर ही की जाए तथा उपार्जित स्कंध का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने के लिए स्वीकृति पत्रक त्वरित रूप से जारी किए जाएं। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए कि उपार्जन के दौरान समस्त केंद्रों पर कानून व्यवस्था को पुख्ता रखा जाए। किसी भी स्थिति में कानून एवं शांति व्यवस्था के साथ समझौता न किया जाए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह, एसडीओपी सिवनी मालवा, तहसीलदार डोलरिया सुनील गढ़वाल आदि उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय रेल मंत्री को पितृशोक पर राज्य सभा सांसद ने जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



भारत सरकार के केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिताजी दाउलाल वैष्णव के दुखद निधन के पश्चात मंगलवार को रेल भवन, नई दिल्ली स्थित मंत्री कक्ष में मध्यप्रदेश से राज्यसभा सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष माया नरोलिया ने वैष्णव से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त की। नरोलिया ने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि श्री दाउलाल वैष्णव जी एक सरल, स्नेही और प्रेरणादायक व्यक्तित्व के धनी थे, उनका जाना समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

### पिपरिया रोड पर दूध वाहन ने मारी टक्कर

**नर्मदापुरम।** पिपरिया स्टेट हाईवे पर जालसपुर गांव के पास गुरुवार सुबह एक पिकअप वाहन की टक्कर से सड़क किनारे खड़े मजदूर की मौत हो गई। बिहार के पूर्णिया जिले का रहने वाला मजदूर अपने परिजनों के साथ धान की रोपाई के लिए आया था। इसी दौरान पिपरिया से भोपाल की ओर दूध ले जा रही पिकअप (एमपी 04 जीवी 0884) ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में दिलावर का जबड़ा, कमर, पीठ, बायां हाथ और पैर बुरी तरह जख्मी हो गए। साथी उसे नर्मदा अस्पताल ले गए, जहां सुबह 9 बजे उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम के बाद शाम 4 बजे शव को बिहार के लिए रवाना किया गया। पिकअप चालक दीनानाथ मेहरा पर मामला दर्ज लिया गया है।

# बरसते पानी में जीर्णशीर्ण भवन पर चला नपा का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नगर के जीर्ण शीर्ण हो चुके समस्त भवनों को नगरपालिका द्वारा तोड़ा जा रहा है। गुरूवार को ग्वालटोली स्कूल को बरसते पानी में नगरपालिका के अतिक्रमण दल द्वारा तोड़ा गया। अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के सख्त निर्देश हैं कि नगर के जीर्ण शीर्ण समस्त भवनों को तोड़ें। जिससे कि किसी भी प्रकार की जनहानि न हो। ग्वालटोली स्कूल का पुराना भवन बेहद ही पुराना हो गया था गुरूवार को बरसते पानी में बुलडोजर की मदद से तोड़ दिया गया।

### जिले में अब तक 658 मिमी वर्षा दर्ज

**नर्मदापुरम।** जिले में अब तक जिले में 658.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 489.6 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 23 जुलाई से 24 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 46.4 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 36.0 मिलीमीटर, इटारसी में 120.8 मिलीमीटर, माखननगर में 21.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 21.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 2.0 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 1.4 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 82.8 एवं तहसील डोलरिया 64.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है।

# वार्ड 17 में नपाध्यक्ष ने कराया सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नगर में लगातार विकास के कार्य किए जा रहे हैं। नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा वार्ड क्रमांक 17 में टैगोर स्कूल के सामने से मेन रोड तक बनने वाली सड़क का आज कार्य प्रारंभ कराया गया है। नपाध्यक्ष यादव ने बताया कि इस वार्ड की यह सड़क प्रमुख है, यहां स्कूली बच्चों और रहवाासियों को काफी दिक्कत होती थी। इसका भूमि पूजन पहले ही अतिथिगणों द्वारा कर दिया गया था। गुरूवार को सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ कराया गया है। यहां के रहवासियों को इस सड़क से काफी सुविधा होगी।

# प्रत्येक गुरुवार को जनसुनाई से नागरिकों की समस्याओं के समाधान में आई तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मपुरम




नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर प्रति गुरूवार को नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने जनसुनवाई शुरू की गई है। जिसका परिणाम है कि नागरिकों की समस्याओं के समाधान करने में तेजी आई है। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि आज जनसुनवाई में विभिन्न प्रकार की समस्याएं आई थीं जिनका समाधान किया गया है। जिसमें प्रमुख रूप से ग्वालटोली के धनश्याम रैकवार की संबल कार्ड बनाने की थी। जिनके आवेदन की जांच कर संबल कार्ड बनाकर दिया। जिससे धनश्याम रैकवार बेहद प्रसन्न हुए। उन्होंने नपाध्यक्ष और सीएमओ का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। इसी तरह ग्वालटोली काली मंदिर निवासी अभिषेक यादव को भी संबल कार्ड बनाकर दिया गया।

श्री सोनी ने बताया कि इसके अलावा ईकेवायसी के साथ ही वार्ड नंबर 29 में नाली के गहरीकरण का आवेदन प्रशांत बामने ने दिया। सड़क निर्माण के साथ स्ट्रीट लाइट आदि की समस्याएं भी आईं। जिनका समाधान किया गया।

# देवीप्रसाद पर हमले के आरोपी की पैरवी नहीं करेंगे वकील

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर के अधिवक्ता इटारसी अधिवक्ता संघ इटारसी के सदस्य उत्तम सिंह भदौरिया के पुत्र देवीप्रसाद उर्फ अनुराग भदौरिया पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी की कोर्ट में पैरवी नहीं करेंगे। इटारसी अधिवक्ता संघ ने यह निर्णय लेकर पत्र जारी किया है।

बार एसोसिएशन के सदस्य उत्तम सिंह भदौरिया के पुत्र देवीप्रसाद उर्फ अनुराग भदौरिया के साथ 23 जुलाई 2025 को रोहित एवं रितिक कुचबंदिया, निवासी वार्ड नंबर 18. बालाजी मंदिर, इटारसी, तहसील इटारसी, जिला नर्मदापुरम ने जानलेवा हमला किया था।

हमले में उत्तम सिंह भदौरिया का पुत्र देवीप्रसाद उर्फ अनुराग भदौरिया गंभीर रूप से घायल हो गया है, जो हॉस्पिटल में भर्ती है। आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं, उनका अधिवक्ता संघ इटारसी साथ नहीं देगा। इसलिए उक्त प्रकरण में आरोपी की ओर से कोई पैरवी ना करें, ऐसा एक पत्र संघ की ओर से जारी किया है।

# पार्षद निर्मला राय के निवास पर हुआ स्वच्छता दूतों का सम्मान, नपाध्यक्ष बोलीं कठिन परिश्रम का फल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



स्वच्छ सर्वेक्षण में नगरपालिका को थ्री स्टार मिलने पर नगरपालिका के स्वच्छतादूतों और विभिन्न शाखाओं के कर्मचारियों का वार्ड क्रमांक 15 की पार्षद निर्मला हंस राय के निवास पर गमच्छा और श्रीफल से सम्मान किया गया तथा उनका मुँह मीठा कराया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि आपके कठिन परिश्रम का नतीजा है कि नर्मदापुरम नगर को स्वच्छ सर्वेक्षण में थ्री स्टार रेटिंग मिली है। आगे भी आप परिश्रम करते रहें जिससें हमारा नगर स्वच्छता में नंबर 01 आए। यह एक सकारात्मक पहल है कि पार्षद राय द्वारा स्वच्छतादूतों का सम्मान कर उनकी हौंसला अफजाई की गई। इस अवसर पर भाजपा नेता हंस राय सहित वार्डवासी आरसी वर्मा, एमएल पाल, अशोक कुमार पालीवाल, शिवदर्शन सिंह, महेश सेन, राधेश्याम शर्मा, राजू व्यास, राजकुमार पाल, मनीष राय, शांति राय, रत्ना सेंगर, गायत्री चंदेले, मंजू व्यास, प्रीति राय, वैष्णवी व्यास आदि उपस्थित रहे। सम्मान समारोह में जल प्रदाय शाखा से पंप आपरेटर भोलाराम साहू, कमल वर्मा, जगदीश कहार, नीतेश व्यास, हेमराज कहार, चंद्रपाल जाट, सफाई शाखा से मुकेश कलोसिया, योगेश कलोसिया, अदित पंडित, आशीष मशीह आदि का गमच्छा और श्रीफल से सम्मान किया।

# भाजपा मंडल इटारसी की मासिक बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भाजपा नगर मंडल इटारसी की मासिक बैठक गुरुवार को नपाध्यक्ष कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा नगर राहुल चौरे ने की। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश खेल प्रकोष्ठ सहसंयोजक पीयूष शर्मा एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष मंडल प्रभारी सुनील राठौर, भाजपा जिला महामंत्री मुकेश चंद्र मैना, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे उपस्थित थे। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई। विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही ₹मन की बात ₹ कार्यक्रम को जन-जन तक पहुचाने हेतु बूथ स्तर तक जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष राहुल चौरे ने बताया कि पार्टी के समस्त कार्यक्रम बूथ स्तर तक करना सुनिश्चित किया जाए।

### ऑटो रिक्शा चालकों की बैठक का आयोजन किया

# वाहनों के फिटनेस, परमिट, पीयूसी, इंश्योरेंस सहित अन्य दस्तावेज रखे जाएं अपडेट : आरटीओ शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय नर्मदापुरम में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रिंकू शर्मा की अध्यक्षता में ऑटो रिक्शा चालकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सिवनी मालवा, नर्मदापुरम ऑटो रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में ऑटो रिक्शा संचालक उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य गति दिवस के दौरान की गई वाहन जांच में सामने आई कमियों को दूर करना और संचालन को नियमानुसार बनाना रहा। आरटीओ रिंकू शर्मा ने चालकों को निर्देशित किया कि वे आगामी 15 दिवस के भीतर अपने ऑटो रिक्शा के फिटनेस प्रमाण पत्र, वैध परमिट, पीयूसी, इंश्योरेंस तथा ड्राइविंग लाइसेंस को अपडेट कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ये सभी दस्तावेज वाहन के साथ उपलब्ध रहें एवं किसी भी समय जांच के लिए प्रस्तुत किए जा सकें।

इस दौरान क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने कहा कि ऑटो रिक्शा में क्षमता से अधिक स्कूली बच्चों को ना बिठाए। उन्होंने निर्देश दिए कि स्कूली बच्चों के ऑटो रिक्शा में ओवरलोडिंग ना की जाए साथ ही ड्राइवर सीट पर भी स्कूली बच्चों को ना बिठाया जाए। बैठक के दौरान निर्धारित गति सीमा का पालन, ऑटो रिक्शा में नंबर प्लेट, जैसे अन्य नियमों का पालन करने के लिए भी निर्देशित किया गया। इस दौरान आरटीओ श्रीमती रिंकू शर्मा ने कहा कि ऑटो रिक्शा चालक समस्त वैद्य दस्तावेजों को संलग्न करते हुए तथा नियमों का पालन करते हुए स्वघोषणा पत्र के साथ कार्यालय में नगरीय सीमा के भीतर ऑटो चालान के पक्के परमिट के लिए आवेदन करते हैं तो तीन दिवस के अंदर उन्हें पक्का परमिट उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने ऑटो यूनियन के प्रतिनिधियों से परमिट के आधार पर क्षेत्रवार इटारसी, नर्मदापुरम, पिपरिया तथा सिवनी मालवा में ऑटो रिक्शा की नंबरिंग करने के लिए भी कहा।

# कॉलेज में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण व जन जागरूकता कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर में प्रभारी प्राचार्य डॉ आई. एस.कनेश. के मार्गदर्शन में रेड रिबन क्लब के अंतर्गत गुरुवार को शासकीय चिकित्सालय माखन नगर से डेंगू मलेरिया जैसी बीमारियों पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से डॉ अनवर उल हक एवं प्रभारी एमआई दुष्यंत शैव ने महाविद्यालय पहुँचकर स्टॉफ व विद्यार्थियों को अति महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। डॉक्टर ने बताया कि घर या आसपास रुके हुए जल की वजह से ही डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया जैसी बीमारियां पनपती है जो लापरवाही के चलते जानलेवा साबित होती है। दल द्वारा डेंगू मलेरिया व चिकनगुनिया के लक्षण, कारण व निवारण पर जानकारी प्रदान की गई। डॉ अनवर ने बताया कि डेंगू हो जाने पर प्लेटलेट्स तेजी से टूटकर घटने लगती है जिससे मरीज की स्थिति खराब हो जाती है।

## खबर संक्षेप

### पुष्य नक्षत्र पर स्वर्ण प्राशन शिविर आज

**बैतूल।** पुष्य नक्षत्र के अवसर पर आज शुक्रवार 25 जुलाई को बैतूल में स्वर्ण प्राशन का आयोजन शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सालय टिकारी और शासकीय आयुर्वेद औषधालय गर्ग कॉलोनी में किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। जिला आयुष अधिकारी और बाल्य रोग विशेषज्ञ डॉ योगेश चौकीकर ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वर्ण प्राशन एक पारंपरिक आयुर्वेदिक विधि है, जिसमें स्वर्ण भस्म, मधु, घृत तथा ब्राह्मी, शंखपुष्पी, जटामांसी, वचा जैसी औषधियों को शास्त्रीय विधिपूर्वक मिलाकर पाक तैयार किया जाता है। इसके बाद बच्चों को उत्तर दिशा की ओर मुख करके औषधि चटाई जाती है। डॉ चौकीकर ने बताया कि यह औषधि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है, उनकी स्मरण शक्ति, एकाग्रता, पाचन क्रिया और मानसिक विकास में लाभकारी होती है। इसके नियमित सेवन से बच्चों की शारीरिक और बौद्धिक क्षमता में सुधार होता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह की पुष्य नक्षत्र तिथि पर यह आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है और हर बार इसमें बड़ी संख्या में पालक अपने बच्चों के साथ भाग लेते हैं। आयुष विभाग ने बच्चों के पालकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस आयोजन में पहुंचकर स्वर्ण प्राशन का लाभ उठाएं और अपने बच्चों के उज्ज्वल स्वास्थ्य की दिशा में एक कदम और बढ़ाएं।

### गायत्री परिवार का मौन साधना शिविर 27 को

**बैतूल।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में एकदिवसीय मौन साधना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। गायत्री परिवार के जिला समन्वयक डॉ. कैलाश वर्मा व जिला सह-समन्वयक रविशंकर पारखे ने बताया कि 27 जुलाई रविवार को सुबह 8:00 बजे से उमा लॉन भैंसदेही में शिविर होगा। शिविर के लिए तहसील समन्वयक शंकर कडू व कमलेश डढ़ोरे के पास पंजीयन करने का अनुरोध किया गया है।

### खप्पर वाली माता मंदिर में अखंड रामायण पाठ 26 से

**बैतूल।** श्रावण मास के पावन अवसर पर विनोबा वार्ड स्थित खप्पर वाली माता मंदिर में अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ शनिवार 26 जुलाई को प्रातः 9:30 बजे से होगा। पाठ की समाप्ति रविवार 27 जुलाई को होगी। दोपहर 12 बजे महाआरती और प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। समिति ने धर्मप्रेमी नागरिकों से इस शुभ अवसर पर सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ लेने का आग्रह किया हैं।

### शत प्रतिशत रहा अनहद का परीक्षा परिणाम

**बैतूल।** कला क्षेत्र में एशिया का शीर्ष विश्वविद्यालय इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ छग के परीक्षा परिणाम घोषित हुए हैं। इस विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त अनहद कला संगीत शिक्षा समिति के प्रशिक्षार्थी बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। संस्था प्रमुख दिलीप रावत ने बताया कि क्लासिकल गायन, तबला, कथक, सुगम संगीत की परीक्षाएं आयोजित की गई थी जिसमें संस्था का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। श्री रावत ने बताया कि संस्था को प्रख्यात विश्वविद्यालय खैरागढ़ से मान्यता मिलने के बाद यह पहली बार परीक्षा आयोजित की गई है। जिसमें 60 बच्चों से हिस्सा लिया और सभी उत्तीर्ण हुए और 15 मेरिट सूची में आए। बच्चों की इस उपलब्धि पर संस्था स्टाफ, ईष्ट मित्रों और परिजनों ने बधाई दी है। हाल में ही घोषित नतीजों में गायन में मनीषा करोचे, हर्षील पाल, आदित्य सिंह ठाकुर, अर्नव प्रधान, सृष्टि त्रिवेदी, सुर्यांश जैन, महेन्द्र गीद, हिमांशु ठाकुर, राहुल बोखारे, सौरभ चौकिकर, चेतन्य सिंह मानकर, मौली बोथरा, तबले में प्रथम दक्ष मालवीय, ओमपुरी गोस्वामी, वैभव गंगारे, रूद्र खोडके, कलेश धोटे, गौरिक श्रीवास्तव, गीतांजली में शंख जायसवाल, रोहित विश्वकर्मा, आदर्श हिंगवे, चन्द्रगोपाल सरले, कथक नृत्य में प्राची गावंडे का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा।

---

बाजार में सभी सुविधा उपलब्ध कराएगी नगर पालिका

# पुराने अस्पताल की भूमि पर लगेगा राखी बाजार

## जयस्तंभ से फवारा चौक मुख्य मार्ग पर नहीं लगेंगी राखी की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

रक्षाबंधन पर्व पर प्रतिवर्ष अनुसार राखी व्यापारी जयस्तम चौक से फव्वारा चौक तक मुख्य मार्ग के फुटपाथ पर अपनी राखी की दुकान नहीं लगा पाएंगे। नगरपालिका सभी राखियों की दुकानों को एक साथ पुराने अस्पताल की भूमि पर लगाएगी और राखी बाजार में सभी आवश्यक सुविधा मुहैया कराएगी, साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम भी किए जाएंगे। यह निर्णय मुलताई नगर पालिका परिसर सभाकक्ष में आयोजित एक बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गडेकर, थाना प्रभारी देवेंद्र डेहरिया, तहसीलदार संजय बरइया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीरेंद्र तिवारी की उपस्थिति में लिया गया।

पवित्र नगरी में एक सप्ताह से राखी बाजार को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई थी, यही कारण है कि इस वर्ष ताप्ती तट पर अब तक राखी की दुकाने नहीं लगी है। नगर प्रशासन का तर्क था कि त्योहारों पर भारी भीड़ होती है, जिससे मुख्य मार्ग पर आवागमन की समस्या खड़ी हो जाती है, इसलिए नवाचार कर राखी की दुकानों को पुराने अस्पताल की रिक्त भूमि पर ले जाना आवश्यक है। जबकि परंपरागत रूप से ताप्ती तट पर राखी की दुकान लगाने वाले व्यापारी इसका विरोध कर रहे थे। राखी व्यापारियों का विरोध स्थान परिवर्तन के बजाय समय को लेकर था। व्यापारी का कहना था कि हम नए स्थान पर जाने का विरोध नहीं करते किंतु व्यापारी राखी की खरीदी दो महा पूर्व करता है अगर उन्हें स्थान परिवर्तन की जानकारी पहले दी होती तो वह कम खरीदी करते छोटे व्यापारी किसी तरह कर्जा लेकर खरीदी करते हैं स्थान परिवर्तन से उनका व्यापार प्रभावित होगा और उन्हें नुकसान उठाना पड़ेगा।



### राखी व्यापारियों को नहीं होने देंगे नुकसान



नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गडेकर ने कहा कि राखी के व्यापारियों को नुकसान नहीं होगा। इस बात की गारंटी मेरी, मैं खुद फील्ड में खड़ी रहूंगी। अध्यक्ष ने राखी व्यापारियों को विश्वास दिलाया कि इस राखी बाजार का नगर पालिका प्रचार प्रसार करेगी। साथ ही इस बाजार में सभी व्यापारी एवं आने वाले खरीदारों के लिए समुचित व्यवस्था और सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी देवेंद्र डेहरिया ने कहा कि नई जगह में व्यापारियों को थोड़ी बहुत दिक्कत हो सकती है किंतु व्यवस्था निर्माण की पहली जवाबदारी नगर वासियों की होती है। हम अधिकारी हैं आज है कल चले जाएंगे आपको यही रहना है और आज की गई व्यवस्था आपको कल भी लाभ पहुंचाएगी।

### हम नहीं चाहते खुशी के त्योहार पर कोई हादसा हो

तहसीलदार संजय बरइया ने कहां कि शासन के स्पर्श निर्देश है हम राखी की दुकानों को दूसरे स्थान पर ले जाएंगे। क्योंकि हम नहीं चाहते कि किसी का त्योहार मातम में बदले, कोई दुर्घटना हो, मैंने देखा है मंदिर के सामने बहुत ट्रैफिक होता है और लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीरेंद्र तिवारी व्यापारियों से कहा कि पुराने अस्पताल की भूमि पर राखी दुकान एक साथ लगाने से सभी व्यापारियों को समान व्यापार के अवसर उपलब्ध होंगे। इस बाजार का नगर पालिका प्रचार प्रसार करेगी । पुराने व्यापारियों को इस बाजार में प्राथमिकता दी जाएगी साथ ही पार्किंग के इंतजाम भी किए जाएंगे।

### राखी के नए बाजार में क्या होगी व्यवस्था?

पुराने अस्पताल की भूमि पर लगाए जाने वाले राखी के बाजार में कुल 60 दुकान आवंटित की जाएगी। प्लाट आवंटन में व्यापारियों के साथ पक्षपात न हो, इसके लिए चीट निकालकर दुकान आवंटित होगी। पुराने व्यापारियों को प्राथमिकता दी जाएगी। नगर पालिका चलित शौचालय एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करेगी। राखी बाजार में सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम होंगे।

---



### पौधरोपण के लिए जन जागरुकता अभियान

**मुलताई।** प्रकृति को संस्कारों से जोड़ने एवं पौधों को जीवन के मूल्य में शामिल करने के लिए कार्य करने वाली अग्रणी संस्था अनुसया सेवा संगठन अब ग्राम ग्राम में अपना अभियान चला रहा है जिसमें युवाओं को अपने जीवन के महत्वपूर्ण दोनों को यादगार बनाने के लिए पौधारोपण करने के लिए प्रेरित कर रहा हैं। अनुसया सेवा संगठन के अध्यक्ष कृष्णा साहू ने बताया कि संगठन द्वारा गांव गांव में हर शुभ कार्यों पर वृक्षारोपण जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिससे ग्रामो में हर परिवार के लोग शुभ कार्य पर पौधे रोपित कर पालने का संकल्प ले रहे। इस तारतम्य में ग्राम पांडरी में अनुसया सेवा संगठन के सदस्यों द्वारा आकाश कवडक़र के जन्मदिन पर पौधों को रोपित कर जन्मदिन मनाया गया। हर शुभ कार्यों पर वृक्षारोपण करने का आग्रह किया।

---

बैतूल-नागपुर रोड पर हादसा

## अचानक आई गाय को बचाते में हाईवे पर पलटा तेल का टैंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



बैतूल-नागपुर हाईवे पर गुरुवार दोपहर टायर फैक्ट्री के पास एक खाद्य तेल से भरा टैंकर पलट गया। हादसा उस वक्त हुआ जब चालक ने सामने अचानक आई गाय को बचाने के लिए स्टीयरिंग घुमा दिया। टैंकर के पलटते ही हाईवे पर तेल फैल गया, जिससे सडक़ फिसलन भरी हो गई और कुछ देर के लिए यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। टैंकर चालक आदर्श पाल के अनुसार वह सतना से बैतूल स्थित ऑयल मिल की ओर जा रहा था। टायर फैक्ट्री के पास सामने अचानक गाय आ गई, जिसे बचाने के लिए स्टीयरिंग मोडऩा पड़ा, जिससे टैंकर असंतुलित होकर पलट गया। इसके बाद आसपास के ग्रामीण कुप्पियां और बर्तन लेकर तेल भरने के लिए पहुंच गए। टैंकर पलटने के बाद उसमें भरा खाद्य तेल सडक़ पर फैल गया। इससे सडक़ पर फिसलन बढ़ गई और वाहन चालकों की सुरक्षा को देखते हुए कुछ समय के लिए यातायात रोकना पड़ा। बैतूल बाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। थाना प्रभारी अंजना धुर्वे ने बताया कि हादसे में कोई घायल या हताहत नहीं हुआ। हादसे की खबर फैलते ही आसपास के लोग कुप्पियां और बर्तन लेकर तेल भरने के लिए दौड़ पड़े, लेकिन पुलिस ने तत्काल लोगों को वहां से हटाकर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की। पुलिस ने क्रेन की मदद से टैंकर को हटाने का काम शुरू कर दिया है। वहीं, यातायात बहाल करने के लिए वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से गुजारा जा रहा है।

---

## शाहपुर ब्लॉक के स्कूलों में बुनियादी सुविधाएं गायब

### न पानी न शौचालय, ग्रामीण बोले- नहीं सुधरे हालात तो करेंगे कलेक्टर कार्यालय घेराव

### ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, 15 अगस्त तक सुधार का दिया अल्टीमेटम



**भौंरा।** शाहपुर विकासखंड के स्कूलों में बच्चों को बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है। शौचालय जर्जर या बंद हैं, पीने के पानी का इंतजाम नहीं, और बच्चियों को खुले में शौच के लिए मजबूर किया जा रहा है। इस हालात को देखकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दे डाली कि अगर स्वतंत्रता दिवस से पहले सुधार नहीं हुआ, तो कलेक्टर कार्यालय का घेराव करेंगे। शाहपुर ब्लॉक के ढप्पा, टेमरा, हाथीकुंड, रामपुर, शीतलझिरी और खोखरा समेत कई गांवों के सरकारी स्कूलों में पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। स्कूलों में या तो शौचालय बने ही नहीं हैं, और जहां हैं, वहां ताले लटक रहे हैं या फिर अंदर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। स्कूलों में लगे हैंडपंपों में मोटर तो डाली गई थीं, लेकिन वे भी बंद पड़ी हैं। न मोटर चल रही है, न हैंडपंप। इससे बच्चों को पीने का पानी तक नसीब नहीं हो रहा। बच्चियों को खुले में शौच जाना पड़ रहा है, जिससे उनकी सुरक्षा को लेकर भी गहरी चिंता जताई जा रही है। इस गंभीर स्थिति को लेकर ग्रामीणों ने कमलेश यादव, पिंटू वरकड़े, देवचंद यादव, अविनाश भलावी, धनराज इवने और सरपंच नवलसिंह धुर्वे के नेतृत्व में एकजुट होकर एसडीएम शाहपुर को ज्ञापन सौंपा।

---

टीम पीड़ितों के उपचार में जुटी

## चिरमा टेकरी पहुंचे सीएमएचओ सात को कराया सीएचसी में भर्ती



**बैतूल।** शाहपुर ब्लॉक स्थित चिरमा टेकरी गांव में उल्टी-दस्त की बीमारी से लोग पीड़ित है। जिसकी सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची। टीम ने गांव में निरीक्षण कर बीमारों का उपचार किया। इस दौरान गांव में 24 बीमार लोगों की पहचान की है। हालात की गंभीरता देखते हुए सीएमएचओ खुद भी चिरमा टेकरी पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज हुरमाड़े ने बताया कि बुधवार को गांव में कुल 24 लोग बीमार मिले, जिसमें 7 लोगों को शाहपुर सीएचसी में भर्ती कराया। इसमें 3 दस्त और 2 उल्टी की शिकायत से पीड़ित मरीज मिले। वहीं पेयजल की गुणवत्ता की जांच के लिए पीएचई और खाद्य विभाग की टीम ने पानी के स्रोतों से सैंपल लिए और उन्हें वायरोलॉजी लैब भोपाल भेजा है। सेम्पल की रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी कि गांव में किस कारण लोगों को उल्टी-दस्त की शिकायत हुई। फिलहाल गुरूवार को सीएमएमओ के निर्देशन में जिला अस्पताल की टीम बेस कैम्प लगाकर चिरमा टेकड़ी में मौजूद है। इसमें मेडिकल स्पेशलिस्ट, जिला मलेरिया अधिकारी, सेक्टर सुपरवाइजर, एएनएम और सीएचओ की ड्यूटी लगाई गई है। ये टीम गांव में ही रहकर लोगों की निगरानी कर रही है और बीमारियों का इलाज कर रही है। स्थानीय प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि स्थिति पर पूरी निगरानी रखी जा रही है और बीमारी को फैलने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। टीम ने घर जाकर जांच की है।

### सोना घाटी की पहाड़ियों पर रोपे भारतीय प्रजातियों के पौधे

**बैतूल।** हरियाली अमावस्या के अवसर पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत बैतूल द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विशेष पहल करते हुए सोना घाटी की पहाडियों पर पौधारोपण किया गया। यह कार्यक्रम पर्यावरण आयाम के जिला प्रमुख श्रीपाद निर्गुडक़र एवं सह पर्यावरण प्रमुख दिनेश लिखितकर के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्राहक पंचायत के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भारतीय प्रजातियों के विभिन्न पौधे रोपे गए। पौधारोपण के साथ पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने, जल संरक्षण करने और प्लास्टिक का उपयोग पूर्णतः बंद करने जैसे संकल्पों को लेकर 11 सूत्रीय संकल्प पत्र भरवाए गए। कार्यकर्ताओं को इन संकल्पों के माध्यम से दैनिक जीवन में पर्यावरण के साथ सामंजस्य बिठाने और प्रकृति की सुरक्षा के लिए प्रेरित किया गया। इसमें अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिला अध्यक्ष मनीष धोटे, जिला सचिव अर्पित दीक्षित आदि मौजूद थे।

---

वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्कूली बच्चों को नशे से दूर रहने का दिया संदेश

## मनुष्य के जीवन के लिए नशा एक ऐसा जहर है, जो व्यक्ति को भीतर से करता है खोखला: संभागायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मध्यप्रदेश पुलिस विभाग द्वारा प्रदेशव्यापी स्तर पर चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत बैतूल जिले के आमला स्थित पीएमश्री केवी एयरफोर्स स्टेशन स्कूल में गुरुवार को एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में नर्मदापुरम संभागायुक्त केजी तिवारी, पुलिस महानिरीक्षक मिथलेश कुमार शुक्ला, डीआईजी प्रशांत खरे, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया, एयरफोर्स अधिकारी आर.के. रेड्डी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी, एसडीएम शैलेन्द्र बडोनिया, एसडीओपी मुलताई एसपी सिंह एवं थाना प्रभारी अमला सत्यप्रकाश सक्सेना सहित



पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। विद्यालय प्राचार्य मदन मोहन कटियार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। नशे से दूरी, है जरूरी अंतर्गत सभी अधिकारियों ने हस्ताक्षर कर जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक श्री मिथलेश कुमार शुक्ल ने सभी को नशा न करने और नशे के प्रति जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संभागायुक्त श्री तिवारी ने बच्चों को नशे से दूर रहकर अपने जीवन के लक्ष्यों पर केंद्रित रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कई बार हम अपने जीवन में सही दिशा और अच्छी स्थिति में होने के बावजूद गलत आदतों की ओर आकर्षित हो जाते हैं। नशा ऐसी ही एक बुरी प्रवृत्ति है, जो हमारे स्वास्थ्य, परिवार और समाज को धीरे-धीरे खोखला कर देती है। उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता पाने के लिए फोर-पी प्लानिंग, प्रिपरेशन, प्रैक्टिस, परफॉर्मेंस तथा फाइव-डी ड्रीम, डिजायर, डिसिप्लिन, डेडीकेशन और डिटरमिनेशन फार्मूलों को अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने बच्चों को आने वाली परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवा पीढ़ी ही देश का भविष्य है और उनका सजग होना समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है।

**आईजी ने नशे की रोकथाम के लिए किया प्रेरित :** आईजी मिथलेश कुमार शुक्ला ने कहा कि नशा केवल उस व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार, समाज और यहां तक कि देश को भी प्रभावित करता है। उन्होंने बताया कि मप्र पुलिस द्वारा प्रदेशभर में रैली, नुक्कड़ नाटक, स्कूलों में संवाद कार्यक्रम, चित्रकला प्रतियोगिताएं आदि के माध्यम से नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों के माध्यम से यदि नशे की रोकथाम का संदेश जाता है तो उसका प्रभाव और अधिक व्यापक होता है।

---

संभागायुक्त ने आमला तहसील का किया निरीक्षण

## दी हिदायत, कोई भी प्रकरण ऑफलाइन दर्ज नहीं हो यह सुनिश्चित कराएं: तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल/आमला

संभागायुक्त नर्मदापुरम के.जी. तिवारी ने गुरुवार को कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के साथ आमला तहसील का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील कार्यालय की आधारभूत सुविधाओं शौचालय, पेयजल, बैठक व्यवस्था, सफाई तथा डिजिटल उपकरणों की स्थिति का विस्तार से अवलोकन किया।

संभागायुक्त श्री तिवारी ने तहसील कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा करते हुए इसे और अधिक आधुनिक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को राज्य और जिला स्तरीय बैठकों में डिजिटल रूप से सुगमता से जुडऩे की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। तहसील कोर्ट के निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री तिवारी ने आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की जानकारी ली और स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी राजस्व प्रकरण ऑफलाइन दर्ज नहीं किया जाए। उन्होंने रेंडमली कुछ प्रकरणों का पोर्टल से मिलान भी कराया,



ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पूरी प्रक्रिया डिजिटल और पारदर्शी हो। उन्होंने तहसीलदार को सख्त निर्देश दिए कि राजस्व मामलों में आदेश पारित होने के पश्चात संबंधित पक्षों को आदेशों की तामिली अनिवार्य रूप से तीन कार्यदिवसों के भीतर कराई जाए और तामिल दस्तावेजों को अपील अवधि के पश्चात तुरंत रिकॉर्ड रूम में सुरक्षित रूप से जमा कराया जाना सुनिश्चित करें।

**एसडीएम कोर्ट की स्थिति संतोषजनक:** एसडीएम कोर्ट के निरीक्षण में संभागायुक्त श्री तिवारी ने आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज राजस्व प्रकरणों की स्थिति की जांच की। रेंडमली चुने गए प्रकरणों के आधार पर उन्होंने पाया कि मामलों के निराकरण की स्थिति संतोषजनक है। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त ने तहसील कार्यालय की स्थापना व्यवस्था, हेल्प डेस्क अधिकारियों और कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाएं, आकस्मिक व्यय पंजी और अन्य प्रशासनिक दस्तावेजों का भी गहन अवलोकन किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सेवा पुस्तिकाओं में नॉमिनी संबंधी जानकारियों को शीघ्रता से अद्यतन कराया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सेवा पुस्तिका तथा आईएफएमएस डाटा में कोई भी विसंगति न हो। इसके अलावा संभागायुक्त श्री तिवारी ने मेंटेनेंस मद में शेष राशि का शीघ्र आहरण कर आवश्यक कार्यालयीन सुविधाएं सुधारने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त गणेश जैसवाल, तहसीलदार श्रीमती ऋचा कौरव, नायब तहसीलदार श्याम बिहारी सहित अन्य राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

---

## अवैध शराब बेचने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

अवैध शराब बेचने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 4 जून को अवैध शराब के परिवहन की सूचना मिलने पर मुलताई पुलिस टीम बिरूल रोड रवाना हुई, जहां कांजी हाउस के पास सामने से आ रही एक कार रुक गई, जिसे चालक लॉक कर अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया। मौके पर कार के पास दो कागज के कार्टून पड़े मिले, जिनमें शराब होने की आशंका थी। जांच में कार की पिछली सीट व डिग्गी में कुल 22 कार्टून शराब के पाए गए थे, जिनमें 14 कार्टून देशी मदिरा प्लेन, 4 कार्टून ऑफिसर चॉइस व्हिस्की और 4 कार्टून गोवा व्हिस्की कुल 196 लीटर 56 मिली शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 1,10,220 पाई गई। शराब एवं वाहन को विधिवत जप्त कर कार्रवाई की विडियोग्राफी की गई।

कार का चालक मिलिंद उर्फ मोंटी पिता राजेन्द्र पवार (37 वर्ष) निवासी सुभाष वार्ड मुलताई का कृत्य मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के अंतर्गत अपराध पाया गया। प्रकरण में धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना के दिन से ही आरोपी फरार था। उसकी तलाश के लिए सतत प्रयास किए गए एवं मुखबिर लगाए गए थे। पुलिस द्वारा कई बार आरोपी के निवास स्थान पर दबिश दी गई एवं फरारी पंचनामा भी तैयार किया गया। पुलिस दबाव के चलते आरोपी ने 21 जुलाई को न्यायालय के समक्ष समर्पण कर दिया। जिसे पुलिस रिमांड पर लेकर विधि सम्मत कार्रवाई पश्चात पुनः न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक देवकरण डेहरिया, उनि छत्रपाल धुर्वे, सउनि श्रीराम मांडवी, आरक्षक अरविंद पटेल, आरक्षक सेवाराम एवं आरक्षक संजीत जाट की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बैतूल हेल्पलाइन संपर्क : 9425382122, 8839830267

बी.आर. अंबेडकर कॉलेज आफ एजुकेशन, बैतूल

B.Ed प्रवेश अतिरिक्त चरण

प्रवेश से वंचित शेष रह गये छात्र/छात्राएं निराश न होवें अतिरिक्त चरण में आनलाईन पंजीयन एवं संस्था का चयन 15/07/2025 से 18/07/2025 तक करें। आनलाईन दस्तावेजों का सत्यापन हेल्प सेंटर पर जाकर 23 जुलाई 2025 से 25 जुलाई 2025 तक करायें। सीट आवंटन एवं प्रवेश शुल्क भुगतान की तिथि 23 जुलाई 2025 से 26 जुलाई 2025 तक । प्रवेश परीक्षा नही। प्रथम च्वाईस में भीमराव रामराव अंबेडकर कालेज आफ एजुकेशन, बैतूल (कालेज कोड-BED823) ही लिखें। रिजल्ट-20 वर्षों से EXCELLENT, अनुसूचित जनजाति / अनुसूचित जाति / अन्य पिछड़ा वर्ग को छात्रवृत्ति सुविधा शासन के नियमानुसार। मेडम या सर बनना निश्चित।

संपर्क: श्रीमती दीपा पंवार 9302846996 | प्राचार्य डॉ. जी.डी. देशमुख 9826231552 | संचालक इंजी. ध्रुवप्रकाश अग्रवाल 9300974327 | इंजी. सर्वेश अग्रवाल 9111788845

## नवांकुर सखी कार्यक्रम योजना का शुभारंभ



**माखननगर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा पूरे प्रदेश में नवांकुर सखी योजना कार्यक्रम का शुभारंभ हरियाली अमावस्या से किया गया है। इसके अंतर्गत ग्राम गूजरवाड़ा एवं बज्जरवाड़ा में नवांकुर सखी कार्यक्रम आयोजित कर कलश यात्रा व हरियाली गीत के साथ यात्रा का शुभारंभ किया गया। विख समंवयक नरेंद्र देशमुख ने नवांकुर सखी कार्यक्रम की रूपरेखा ग्रामवासियों के समक्ष रखी। यह पाँच दिवसीय हरियाली यात्रा प्रत्येक विकासखण्ड के प्रत्येक सेक्टर में निकली जानी है। जिला समन्वयक पवन सहगल ने नवांकुर सखी के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कार्यक्रम का उद्देश्य महिला शक्ति द्वारा पर्यावरण संरक्षण संबंधित गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाना है। सभी स्वैच्छिकता के आधार पर महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करना किया। कार्यक्रम में ग्राम की अनेक महिलाओ ने सहभागिता रही जिन्हें आवला, मुनगा ,आम ,जामुन, के पौधे ओर बीजों का वितरण किया।


## बिजली कंपनी की पल-पल की सप्लाई में ट्रिपिंग से नाराज और हैरान नागरिक

# 'उपभोक्ताओं का सवाल' प्री मानसून मेंटेनेंस के नाम पर हुआ दिखावा?

बिजली कंपनी प्रतिदिन दर्जनों बार ट्रिपिंग कर उपभोक्ताओं के साथ जैसे कि मजाक कर रही है। मिनट मिनट पर की जाती ट्रिपिंग से उपभोक्ताओं में रोष से अधिक हैरानी की स्थिति है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नागरिकों का कहना है कि पिछले एक माह में बिजली की जितनी ट्रिपिंग हुई है उतनी तो इसके पूर्व के छह महीनों में भी सोहागपुर क्षेत्र में नहीं हुई होगी। नागरिकों का कहना है कि यदि नर्मदापुरम जिले में एक माह में ट्रिपिंग का रिकार्ड देखा जाए, तो संभव है कि सोहागपुर टाउन जेई ने सर्वाधिक मासिक ट्रिपिंग का कीर्तिमान बनि लिया होगा। नागरिकों का यह बयान हास्यापद लग सकता है, लेकिन वास्तविकता यही है कि



शहरवासियों को प्रतिदिन प्रति घंटे दर्जनों बार ट्रिपिंग समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

### बताएं, कहां हुआ मेंटेनेंस??

नागरिकों के अनुसार यदि बिजली



कंपनी ने प्री मानसून मेंटेनेंस किया है तो अब बिजली पोलों व तारों के समीप वृक्षों की शाखाएं क्यों झूल रही हैं। शहर में दर्जनों पोल वृक्षों के बीच नजर आ रहे हैं। तनिक हवा में शाख हिलने पर विद्युत तार आपस में टकराते हैं व चिंगारी निकलती है। नागरिकों ने बिजली कंपनी पर आरोप लगाया है कि प्री मानसून मेंटेनेंस के नाम पर शहर में मात्र दिखावा हुआ है। और संभव है कि बड़ी राशि मेंटेनेंस के लिए निकाली गई होगी। जबकि धरातल पर सच्चाई अलग है। नागरिकों ने बिजली कंपनी अधिकारियों से मांग की है कि पिछले एक वर्ष में मेंटेनेंस के नाम पर व्यय की गई राशि का ब्यौरा सार्वजनिक करें।

### धुआं छोड़ रही डीपियां

नागरिकों के अनुसार शहर की कई डीपियां पुरानी हैं। एवं उनकी गुणवत्ता के साथ कार्य करने की मियाद संभवतः खत्म हो चुकी है। तभी ज़रा सा लोड बढ़ने पर ही डीपियां धुआं छोड़ने लगती हैं व डीपियों में लगातार स्पार्किंग भी होती रहती है। इस तरह आबादी क्षेत्रों में कई खतरे बने रहते हैं। बुधवार को भी पुराने अस्पताल के पास लगी डीपी से बहुत देर तक धुआं उठता रहा एवं चिंगारियां निकलती रहीं। लेकिन सूचना देने के बहुत देर बाद बिजली कंपनी के कर्मचारी सुधार के लिए पहुंचे।

## बोलोरो में तोड़फोड़ कर दहशत फैलाने वालों का निकाला जुलूस



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

22 जुलाई को स्टेट बैंक के सामने दो युवकों बोलोरो गाड़ी में कुल्हाड़ी और पत्थर बाजीकर तोड़फोड़ की थी जिसका सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ वीडियो वायरल होने के बाद आवेदक शरीफ पिता रशीद खान ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की।

पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं एसडीओपी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ने एक टीम गठित की गई तोड़फोड़ करने वाले आरोपियों की पहचान कर ग्राम निमसाडिया से राहुल पिता परशुराम कीर एवं प्रमोद कीर के विरुद्ध धारा 296 351 (4)3(5) बी एन एस का मामला पंजीबद्ध किया गया आरोपियों को धारा 35(3) में नोटिस दिया गया दोनों आरोपियों ने तोड़फोड़ की घटना को अंजाम देकर दहशत फैलाने की कोशिश पुलिस ने घटना स्थल से पैदल जुलूस निकालकर धारा 170 में गिरफ्तार कर तहसील न्यायालय पेश किया गया थाना प्रभारी मदन सिंह पवार ने बताया नगर में शांति व्यवस्था में कोई भी गड़बड़ी करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी नगर में कानून व्यवस्था के सफल संचालन हेतु अपराधियों के खिलाफ धर पकड़ अभियान चलाया जा रहा है यह मुहिम जारी रहेगी।

## न्यायालय परिसर में हुआ पौधरोपण कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

विधिक सेवा प्रकृति सेवा दिवस के उपलक्ष्य में गत दिवस सोहागपुर न्यायालय परिसर में पौधरोपण आयोजन किया गया है। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश अनुसार तथा प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश के आदेशानुसार एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति सोहागपुर एसके चौबे के मार्गदर्शन व उपस्थिति में यह आयोजन किया गया है। इस दौरान संगीता डावर मौर्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं तेज़दीप सिंह सासन न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा तहसील न्यायालय परिसर में 'पंच-ज' के अन्तर्गत विधिक सेवा प्रकृति की रक्षा के लिए न्यायालय प्रांगण में फलदार प्रजाति के पौधे रोपित किये गए हैं। आयोजन के दौरान सुरेश चौबे द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश, संगीता डावर मौर्य, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, एवं तेजदीप सिंह सासन न्यायिक मजिस्टेट सहित अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी, अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## आपदा प्रबंधन, अतिक्रमण और धारणाधिकार मामले पर विधायक ने ली समन्वय बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

गुरुवार को स्थानीय गेस्ट हाउस में क्षेत्रीय विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, एसडीएम प्रतीक राव, टीआई गौरव सिंह बुंदेला, तहसीलदार शक्ति तोमर सहित प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की।

बैठक का मुख्य उद्देश्य आपदा प्रबंधन, अवैध अतिक्रमण हटाने, पट्टा वितरण एवं धारणाधिकार से जुड़े लंबित कार्यों को गति प्रदान करना रहा। विधायक डॉ. शर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इन जनहितकारी कार्यों में लापरवाही न हो और जनता को शीघ्र राहत मिले।

इटारसी नगर में लंबे समय से अतिक्रमण की समस्या को गंभीरता से लेते हुए, बैठक में विशेष रूप से इस विषय पर विस्तार से चर्चा हुई।



विधायक डॉ. शर्मा ने नगर में प्रमुख सार्वजनिक स्थानों, मार्गों, नालियों और सरकारी भूमि पर किए गए अतिक्रमण को चिन्हित कर उन्हें तत्काल हटाने के निर्देश दिए। साथ ही, इस कार्य में प्रशासन, नगर पालिका और पुलिस के बीच समन्वय से संयुक्त कार्रवाई की बात कही गई।

इस अवसर पर भाजपानेता जयकिशोर चौधरी, नीरज जैन, मयंक महतो, उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, सभापति श्री राकेश यादव, पार्षद राहुल प्रधान एवं सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ पात्र व्यक्तियों को शीघ्रता से पट्टे वितरण एवं धारणाधिकार प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे, जिससे वे योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। डॉ. शर्मा ने प्रशासन से आपदा प्रबंधन को लेकर आगामी मानसून को देखते हुए पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में सेवादल यंग ब्रिगेड ने दिया ज्ञापन



**इटारसी।** मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के नेतृत्व में स्मार्ट मीटर के विरोध में गुरुवार को एसडीएम इटारसी को ज्ञापन सौंपा गया है। इस संबंध में गजानंद तिवारी ने बताया कि यह लड़ाई हम आम जनता के लिए लड़ रहे हैं क्योंकि लोग महंगाई से वैसे ही परेशान है और ऊपर से स्मार्ट मीटर के माध्यम से जो जनता को परेशान करने का सुनियोजित ढंग से एमपीईबी के ठेकेदारों और अधिकारी कर्मचारी के माध्यम से कार्य किया जा रहा है उपभोक्ता के बिना अनुमति जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाकर जिसके विरोध में हमने ज्ञापन एसडीम टी प्रतिक राव को दिया।

## नप करा रही वार्डवार पशुधन सर्वे दे रहे पशुपालकों को समझाइश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर में मवेशी भटकने की समस्या के समाधान के लिए सोहागपुर नगर परिषद एक पहल कर रही है। सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा व नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल के निर्देशानुसार नपकर्मी शहर में पशुधन सर्वे कार्य कर रहे हैं।

सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि कलेक्टर नर्मदापुरम् के निर्देशानुसार नगर परिषद सोहागपुर द्वारा नगर के सभी 15 वार्डों में गौवंश का सर्वे किया जा रहा है। सीएमओ शर्मा ने बताया कि सर्वे पूर्व प्रत्येक वार्ड प्रभारी को विधिवत बैठक कर निर्देशित किया गया है कि किस तरह से सर्वे किया जाना है। सर्वे के सभी बिंदुओं एवं प्रपत्र की जानकारी भी बैठक सह प्रशिक्षण में कर्मचारियों को दी गई है। जिसके बाद सभी वार्ड प्रभारी अपने-अपने वार्ड क्षेत्र में पशुधन सर्वे कार्य प्रारंभ कर चुके हैं।

### दी हिदायत व समझाइश

नपकर्मी पशुपालकों से उनके सभी पशुओं के बारे में विवरण ले रहे हैं तथा मौके पर मवेशियों की उपस्थित भी देखी जा रही है। यदि कोई पशु टैग लगा हुआ नहीं है तो उसे टैग लगवाने का संदेश भी नपकर्मी पशुपालकों को दे रहे हैं। वहीं गौपालकों को समझाइश दी जा रही है कि वे अपने गौवंशों को सड़कों पर विचरण ना करने दें, घर पर ही बाँधकर रखें।

## नवांकुर सखी योजना' शुरू व जन अभियान परिषद नगर विकास समिति का गठन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मप्र जन अभियान परिषद द्वारा 'नवांकुर सखी योजना' हरियाली अमावस्या पर गुरुवार से शुरू की गई है। सोहागपुर में भी सुबह 11 बजे कार्यक्रम किया गया जिसकी शुरुआत कलश यात्रा व हरियाली गीतों के साथ हुई।

परिषद विकासखण्ड समन्वयक के कड़ोले ने नगर की नारी शक्ति की सहभागिता बढ़ाने की बात कही। कार्यक्रम में उपस्थित करीब 80 महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए आंवला, अशोक, चीकू, आम और जामुन के पौधे व बीज दिये गए। बैठक में नगर विकास समिति सोहागपुर का गठन भी किया गया। जिसमें अभिनव पालीवाल को अध्यक्ष और ऋषभ गढ़वाल को





सचिव नियुक्त किया गया है। बैठक उपरांत नवांकुर सखी योजना की जागरूकता रैली शहरी क्षेत्र में निकाली गई।

### दी हरियाली यात्रा की जानकारी

कार्यक्रम में परामर्शदाताओं निशा चौरसिया, मंजू पवार, सचिन विश्वकर्मा ने नवांकुर सखी योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हरियाली यात्रा अगले पांच दिनों तक सभी विकासखंडों के प्रत्येक सेक्टर में आयोजित की जाएगी। इस दौरान रवि उईके, नीरज यादव, कमल किरार, शुभम सनकत, संदेश मिश्रा, हरिदास अहिरवार, शिवानी मेहरा सहित एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम के विद्यार्थी उपस्थित रहे, जिनकी भागीदारी ने आयोजन को सफल बनाया।

## शराब विक्रय व दादागिरी के खिलाफ महिलाओं का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



बालाजी मंदिर क्षेत्र में लंबे समय से चल रही अवैध शराब बिक्री एवं स्थानीय दादागिरी से परेशान महिलाओं व नागरिकों का आक्रोश गुरुवार को फूट पड़ा। क्षेत्र की अनेक महिलाओं और पुरुषों ने रोहित राजवंशी, ऋतिक राजवंशी व बबलू राजवंशी की अवैध गतिविधियों के खिलाफ एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, सभापति राकेश यादव, पार्षद सीमा भदौरिया, वरिष्ठ भाजपा नेता जयकिशोर चौधरी एवं सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर मौके पर पहुंचे और नागरिकों की समस्याएं सुनीं। महिलाओं ने बताया कि संबंधित व्यक्तियों द्वारा लगातार क्षेत्र में अवैध शराब का व्यापार और दादागिरी की जा रही है जिससे आमजन विशेषकर महिलाएं बेहद असुरक्षित महसूस कर रही हैं। विधायक डॉ. शर्मा ने तत्काल एसडीओपी एवं थाना प्रभारी को मौके पर बुलाकर सख्त निर्देश दिए कि आती सिंह के संरक्षण में हो रही अवैध गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाए एवं अवैध शराब विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। क्षेत्रीय नागरिकों ने विधायक सहित सभी जनप्रतिनिधियों का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई।

## बगैर किसी उचित व्यवस्था के कर दी गई मूंग खरीदी प्रारंभ, अब किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शासनके एवं केंद्र शासन के निर्देश पर अधिकारियों केदारा सिर्फ वेयरहाउस देखकर बगैर किसी तैयारीके समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी प्रारंभ कर दी लेकिन वर्तमानमे किसी भी वेयरहाउस में शासनके नियमके अनुसार किसानों को बैठने केलिए वेयर हाउस संचालक एवं प्रबंधकों के द्वारा किसानों को बैठने के लिए कोई तैयारी नकीगई। पीने केपानी की की भी कोई उचित व्यवस्था किसी वेयरहाउस में नहींकी गई है। किसान परेशान हो रहा है।

21 जुलाई से आज दिनांक तक वेयरहाउसमे बार दाने नहीं है वंशिका वेयरहाउस में 21जुलाई 2025से 23जूलाई शाम तक वारदा ना होनेके



कारण दिन भर खरीदी बंद रही तथातुलाई भी बंद रही सूत्र बतातेहै कि यही हालात सभी वेयरहाउसमे है। पडरखा में वेयरहाउस संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गयाहै। सेवा सहकारी समिति सांडिया में रोड पर जाम लगा हुआ था पुलिसके द्वारा हटाया गया। सेवा सहकारी समिति तरोन कला मे सरवेयर दुर्गेश विश्वकर्मा के साथ किसानों के दारा हाथापाई की गईपुलिस प्रशासन की उपस्थिति में खरीदी की गई। लगभग सभी वेयरहाउस में अनेकों कर्मियों के बीच खरीदी प्रारंभ कर दी गईहै। सेवा सहकारी समित साड़ियां सेवा सहकारी समिति खपरखेड़ा सेवा सहकारी समिति गड़ाघाट में नैफेड की टीम एवं संचालनालय क्रषि विभाग एवं पिपरिया पर्यवेक्षक सलीम वेग मिर्जा के साथ निरीक्षण किया गया है तो इन खरीदी केंद्र पर शासन के नियम अनुसार खरीदी की जा रही है।

## कॉलेज में रोजगार शिविर का आयोजन

# प्रशिक्षण हेतु 52 विद्यार्थी चयनित





हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में गुरुवार को रोजगार कैंप का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय नर्मदापुरम एवं महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न कंपनियों ने भाग लिया। कंपनियों ने प्रतिभागियों की प्रतिभा के अनुरूप रोजगार और स्वरोजगार के क्षेत्र में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण हेतु कंपनियों ट्राइडेंट बुधनी, वर्धमान बुधनी, पुखराज, शिव शक्ति एग्रीगेट, डिफरेंट मैनेजमेंट डेवलपमेंट, एल आई सी विस्तृत जानकारी दी, रोजगार कैंप में विद्यार्थियों का रुझान सफलतापूर्वक रहा 110 विद्यार्थियों में से 52 विद्यार्थियों का प्राथमिक चयन प्रशिक्षण हेतु किया गया प्रभारी प्राचार्य डॉ आई एस कनेश के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ क्षमा मेहरा के नेतृत्व मे महाविद्यालय प्रांगण मे कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में छात्र-छात्राओं के साथ समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## ज्ञापन पर पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

**पिपरिया।** विगत दिनों ग्राम पडरखा मैं अनंत वेयरहाउस में अमानक मूंग का जखीरा पकड़ा था। जिसमें लगभग 350 कुंतल अमानक मूंग पकड़े थी। अधिकारियों के द्वारा अनाज को जप्त करते हुए वेयरहाउस को सील किया जा रहा था इस दौरान आइंएडडी 24 के रिपोर्टर लोकेशमालवीय शकील नियाजी साहित लोग भी पहुंचे थे। वेयरहाउससंचालक संजय राय एवंभाजपा नेताद्वारा मीडिया को कवरेज करनेसे रोका गया था। जिसके कारण पुलिस अधिकारी को पत्रकारों के द्वारा ज्ञापन सोपा गया था। जिस पर पुलिस प्रशासनके द्वारा आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। इस बात पर थाना प्रभारी विजयसस से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि आवेदक द्वारा जो ज्ञापन सोपा गया है।उस पर कार्रवाई की जा रही है कथन होने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## खरीदी केंद्र का स्थान परिवर्तन करने को लेकर गुस्साए किसानों ने स्टेटहाईवे पर लगाया जाम एसडीएम ने शुरू करवाई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

कृषि उपज मण्डी स्थितमूंग खरीदी केंद्र पर लगातार तीन दिनों से मूंगखरीदी मैं चल रहे अवरोध से से गुस्साए किसानों ने स्थानीय खरीदी केंद्र पर ही मूंग खरीदी करने की मांग लेकर कांग्रेस नेता पुष्पराज पटेल के नेतृत्व मैं मंडीगेट के सामने स्टेट हाईवे पर लगाया जाम। ज्ञात हो कि सेमरी हरचंद मैं मूंग की फसल उपार्जन के लिए शासन द्वारा कृषि उपज मंडी स्थित परिसर की गोदाम में मूंग खरीदी का काम सहकारी सेवा समिति बारंगी द्वारा किया जा रहा था जिसमें गोदाम की कमता 7500 कुंतल पूर्ण हो जाने के बाद खरीदी केंद्र पर भंडारण क्षमता नहीं होने के कारण असमंजस की स्थिति निर्मित होने के कारण विगत तीन दिनों से मूंग की खरीदी प्रभावित हो



रही थी कल बुधवार को अधिकारियों के निर्देश पर छह ट्राली मूंग की तुलाई की गई उसके बाद बारदाना खत्म होने की स्थिति में मूंग तुलाई स्थगित कर दी गई । आज भी जब किसानों ने मूंग तुलाई की राह दिन भर देखी सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षमता से अधिक फसल उत्पादन की स्लाइड बुक कर ली गई थी क्षमता पूर्ण होने पर जिन किसानों की स्लाइड बुक हो चुकी थी उन्हें नियंत्रण वेयर हाउस मैं भेजा जा रहा था जिससे गुस्साए किसानों ने किसान नेता पुष्पराज पटेल के नेतृत्व मे स्टेट हाईवे पर जाम लगा दिया। जाम लगने पर किसानों ने की समस्या का समाधान करने एसडीएम अनिल जैन एसडीओपी संजू चौहान थाना पभारी उषा मरावी जाम स्थल पर पहुंचे एव खरीदी केंद्र पर पहुंचकर तत्काल मूंग खरीदी कर रही सहकारी समिति के प्रबंधक को मूंग खरीदी के लिए निर्देशित किया मूंग खरीदी प्रारंभ करवाई।

### इनका कहना है

शासन द्वारा विगत दो-तीन वर्षों से सुहागपुर विकासखंड मैं मूंग खरीदी केदो की संख्या मैं लगातार कमी की जा रही है जिससे अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो रही है शासन से मांग है कि सुहागपुर विकासखंड मैं मूंग खरीदी केदो की संख्या बढाई जावे एवं इस केंद्र पर जिन किसानों की स्लाइड बुक है उनकी मूंग की फसल की खरीदी यहीं पर की जावे। पुष्पराज पटेल किसान कांग्रेस नेता। जिन किसानों की स्लाइड यहां बुक है उनकी फसल यही खरीदी जावेगी

**अनिल जैन एसडीएम सोहागपुर**

## खबर संक्षेप

### 24 घंटों में जिले में 12.4 मिमी औसत वर्षा

हरदा। जिले में गत चौबीस घंटों में 12.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 15.2 मि.मी., टिमरनी में 28.2 मि.मी., खिरकिया में 6.6 मि.मी., सिराली में 5 मि.मी. तथा रहटगांव में 7.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 497.6 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 481.7 मि.मी., टिमरनी में 640.6 मि.मी., खिरकिया में 529.1 मि.मी., सिराली में 389.4 तथा रहटगांव में 447.5 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 24 जुलाई तक 273.6 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### 31 तक कराएं अपनी फसल का बीमा

**खंडवा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत ऋणी और अऋणी किसानों के लिए फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। जिले के किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित समय-सीमा में अपनी खरीफ फसलों का बीमा अवश्य कराएं ताकि प्राकृतिक आपदा या अन्य कारणों से फसल क्षति की स्थिति में आर्थिक सहायता मिल सके। उप संचालक कृषि नीतेश यादव ने बताया कि ऋणी, अऋणी, डिफाल्टर एवं कालातीत किसान अपनी खरीफ फसल जैसे सोयाबीन, कपास, मक्का आदि अधिसूचित फसलों का बीमा संबंधित बैंक या कॉमन सर्विस सेंटर (उरउ) के माध्यम से कर सकते हैं। बैंक के डिफाल्टर और कालातीत किसान विशेष रूप से कॉमन सर्विस सेंटर से बीमा कराने के पात्र हैं। फसल बीमा हेतु आवश्यक दस्तावेजों में बैंक पासबुक, आधार कार्ड, भू अधिकार ऋण पुस्तिका, बुआई प्रमाण पत्र, पूर्ण भरा हुआ प्रस्ताव फॉर्म तथा निर्धारित प्रीमियम राशि शामिल है। प्रीमियम की दरें फसलवार तय की गई हैं, जिसके तहत सोयाबीन के लिए 887 रुपये प्रति हेक्टेयर, मक्का के लिए 693 रुपये, कपास के लिए 2758 रुपये और असिंचित धान के लिए 630 रुपये प्रति हेक्टेयर जमा करना होगा। कृषि विभाग ने किसानों से आग्रह किया है कि वे इस योजना का लाभ उठाएं और समय पर फसल बीमा करा कर स्वयं को संभावित नुकसान से सुरक्षित करें।

### अवैध मदिरा के विरुद्ध की गई कार्रवाई



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रह, विक्रय एवं परिवहन की रोकथाम के लिए निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग द्वारा जिले में महोड़िया रोड़ स्थित पप्पू एंड पप्पू ढ़ाबा से दो पेटी देशी मदिरा प्लेन के पाव जप्त किये गये तथा आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई आबकारी उपनिरीक्षक माधव कुण्डल, मुख्य आरक्षक विजय कुमार शर्मा एवं आबकारी विभाग की टीम द्वारा की गई।

### रोगी कल्याण समिति की बैठक कल

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में 26 जुलाई को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला चिकित्सालय की रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई है।

### 645 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों केबीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। जिले में 22 जुलाई को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 456 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 189 बच्चों का टीकाकरण किया गया। 77 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया।

---

### नशे से दूरी है जरूरी विशेष अभियान के तहत जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# जिले में अभियान के तहत नागरिकों ने ली नशा मुक्ति की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा




जिले के सभी थाना क्षेत्रों में बुधवार को नशे से दूरी है जरूरी विशेष अभियान के तहत नशा मुक्ति जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत आम नागरिकों, विद्यार्थियों और युवाओं को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई तथा समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी जन-जागरूकता अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे की लत से बचाकर सुरक्षित समाज की दिशा में कार्य करना है। जिले में अभियान का नवम दिवस 23 जुलाई को मनाया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सभी थानों द्वारा सार्वजनिक स्थलों, बस स्टैंड, चौराहों और स्कूलों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। अभियान के तहत शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय भगवानपुरा (थाना पिपलोद), ग्राम रणगाँव का हायर सेकंडरी स्कूल (थाना जावर), और थाना धनगाँव बाजार क्षेत्र में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की जानकारी दी गई। हस्ताक्षर अभियान चलाकर बच्चों को नशा मुक्त जीवन की शपथ दिलाई गई।

#### नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया

थाना किल्लौद अंतर्गत ग्राम मालूद में ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। थाना मुंदी द्वारा बस स्टैंड पर प्रचार-प्रसार कर बताया गया कि यदि किसी को मादक पदार्थ बेचने वालों की जानकारी हो तो वह हेल्पलाइन नंबर 1933 पर सूचना दे सकता है। थाना हरसूद ने प्रमुख चौराहों और बस स्टैंड पर पंपलेट वितरित कर नागरिकों को जागरूक किया। बसों, सार्वजनिक यातायात साधनों और नगर निगम द्वारा लगाई गई स्क्रीन पर शॉर्ट मूवी व संदेशों के माध्यम से अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। नशे से दूरी है जरूरी कार्यक्रम के समापन पर सभी को नशा न करने एवं समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई।

#### बाल अधिकारों व नशामुक्ति के संबंध में किया गया जागरूक

*हरदा। बुधवार को जिले के हाई स्कूल रुन्दलाय, एकीकृत माध्यमिक शाला गुल्लास, ग्राम पंचायत भवरास, ग्राम पंचायत लछौरा एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नयागांव में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायाधीश एवं सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्रशेखर राठौर ने बच्चों के अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए जागरूकता बढ़ाने, शिक्षा को बढ़ावा देने और बाल यौन शोषण, बाल विवाह, बाल श्रम आदि अपराधों के बारे में लोगों को जागरूक किया। उन्होने बताया गया कि ह्नह्नडॉन स्कीमह्नह्न राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नशा उन्मूलन हेतु शुरू की गई एक पहल है। इसका उद्देश्य बालकों व किशोरों में नशीले पदार्थों के उपयोग के विरूद्व जागरूकता बढ़ाना और नशे के शिकार लोगों को कानूनी सहायता व कल्याणकारी सेवाएं प्रदान करना है। सचिव श्री राठौर ने नालसा नशा पीड़ितों को विधिक सेवाऐं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाऐं योजना के उपबंधों की जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत ड्रग्स तस्करी एवं ड्रग्स पीड़ितों को जिला प्राधिकरण के द्वारा आवश्यक विधिक सेवा उपलब्ध करायी जाती है। योजना के तहत ड्रग्स पीड़ितों को पहचानने, उनका उपचार करने तथा नशा मुक्ति के पश्चात उनके पुनर्वास में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं को गतिमान कराया जाता है। साथ ही ड्रग्स के खतरों एवं इसके उन्मूलन के प्रभावी उपायों के विषय में संवेदनशील बनाया जाता है। जिला प्राधिकरण एवं राज्य की कई एजेन्सियों के साथ गैर सरकारी संगठन भी नशीले पदार्थों की तस्करी के उन्मूलन के खिलाफ अभियान चला रहे हैं।*

---

### पिछले बार 73 करोड़ इस बार 82 करोड़ श्रद्धालुओं ने किया पार्थिव शिवलिंग निर्माण और पूजन

# करोड़ों शिव भक्तों ने ऑनलाइन की पार्थिव शिवलिंग की पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर





कलियुग को शिव युग में परिवर्तित करने वाले और सनातन धर्म को जन-जन तक पहुंचाने वाले अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने सावन की शिवरात्रि पर देश ही नहीं पूरी दुनिया के भक्तों को ऑनलाइन पार्थिव शिवलिंग की पूजन-अर्चना कर स्वयं अपने विश्व रिकार्ड को तोड़ दिया है। श्री शिवय नमस्तुभ, हर हर महादेव... जय शिव शंकर... के जयकारे गूंज रहे थे। चारो तरफ भक्तिमय माहौल बना हुआ था। भक्तों ने घर-घर में पार्थिव शिवलिंग की पूजा-अर्चना की। बुधवार को सुबह से ही सीहोर जिले ही नहीं पूरे देश के कोने-कोने में पूजन सामग्री की दुकानें लगी हुई थी। कुबेरेश्वरधाम पर आयोजित आन लाइन अभिषेक में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं शामिल थे, वहीं देश के कोने-कोने में एक घंटे तक लोगों ने विधि-पूर्वक शिव की उपासना की।

बुधवार की रात्रि सात बजे से बारह ज्योर्तिलिंग के केन्द्र बिन्दू माने जाने वाले कुबेरेश्वरधाम से पूरे देश के घरों पर श्री शिवय नमस्तुभ के अलावा अन्य शिव मंत्रों के साथ पूजा अर्चना की थी, अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित श्री मिश्रा आनलाइन अभिषेक कर रहे थे और इसका प्रसारण विश्व के कोने-कोने पर किया जा रहा था। इस मौके पर रात सात बजे से अत्यंत शुभ मुहूर्त में घरों में पार्थिव शिवलिंग बनाकर उनका रुद्राभिषेक करने से काफी फायदे होते हैं। घर में सुख शांति के साथ वैभव बना रहता है। उन्होंने कहा कि माता पार्वती और मां गंगा दोनों ही भगवान शिव के चरण छू रही है।

---

### कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# जंगल कटाई व अतिक्रमण के खिलाफ आदिवासियों का प्रदर्शन



**खंडवा।** जिले में जंगल कटाई और बाहरी लोगों द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ स्थानीय आदिवासियों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। पांच गांवों के करीब 200 आदिवासी नारेबाजी करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। आदिवासियों ने आरोप लगाया कि जंगलों पर अवैध कब्जा हो चुका है और सरकार की जांच कमेटी अतिक्रमणकारियों के पक्ष में काम कर रही है, जिसे वे स्वीकार नहीं करेंगे। प्रदर्शनकारी आदिवासियों ने बताया कि गुड़ीखेड़ा वन परिक्षेत्र में करीब चार साल पहले बड़े पैमाने पर जंगल काटा गया था। अब वही अतिक्रमणकारी लोग जंगल की जमीन पर पट्टे का दावा कर रहे हैं। सरकार की ओर से बनाई गई जांच कमेटी उनके दावों की जांच करने आने वाली है, जिसका मूल आदिवासी विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि वे पीढ़ियों से जंगल में रह रहे हैं और वही जंगल के असली हकदार हैं। आदिवासियों ने वन विभाग पर झूठे दावे करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि वन विभाग का कहना है कि गुड़ीखेड़ा क्षेत्र से अतिक्रमण हटा दिया गया है, लेकिन वास्तव में अतिक्रमणकारी फिर से जंगल में बोवनी कर रहे हैं और मूल निवासियों को जंगल में जाने से रोक रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने यह भी बताया कि उनके पशु जब जंगल में जाते हैं तो उन्हें मारकर फेंक दिया जाता है और लकड़ी लेने जाने पर आदिवासियों के साथ मारपीट की जाती है।

#### दिल्ली से आए संगठन का विरोध

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने यह भी नाराजगी जताई कि जिले में पहले से 17 वन समितियां वर्षों से जंगल की देखरेख कर रही हैं, फिर भी दिल्ली से आए एक बाहरी संगठन को जंगल की जिम्मेदारी दे दी गई है। आदिवासियों ने कहा कि इस फैसले से पहले न तो उनसे कोई चर्चा की गई और न ही जानकारी दी गई, जो आदिवासी हितों के खिलाफ है। प्रदर्शन में ताल्याधड़, बोरखेड़ा, बोरखेड़ा रैय्यत, बामंदा, भिलाईखेड़ा, आड़ाखेड़ा, सरमेश्वर, ढाकना, झारीखेड़ा, सोमपुरा, गधड़िया, सुंदरदेव, सुहागी और सोहागीपुर समेत कई वनग्रामों के आदिवासी शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान ₹जंगल है तो जीवन है, अतिक्रमण हटाना है, कोरकू समाज के हक की रक्षा करोह्व जैसे नारे लगाए गए। आदिवासियों ने जंगल बचाने की शपथ ली और चेतावनी दी कि वे जंगलों की अनदेखी नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जंगल का संरक्षण जरूरी है।

---

### बजरंग दल का अभ्यास वर्ग संपन्न



**बुधनी।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी मातृ शक्ति द्वारा बुधनी प्रखंड का अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया जिसमें विश्व हिंदू परिषद संगठन मंत्री भानु प्रताप राजपूत एवं जिला मंत्री राजू जाट उपस्थित रहे । कार्यक्रम में संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर शताब्दी वर्ष मनाने के लिए हिंदू संगठन घर-घर पहुंचेंगे तथा ग्राम प्रखंड और जिला स्तर पर आयोजन किए जाएंगे इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अमित ठाकुर, नगर संयोजक विवेक राजपूत,नगर सहसंयोजक सुरेंद्र चौहान,जितेंद्र यादव नगर सुरक्षा प्रमुख, नगर समरसता प्रमुख प्रथम कदम,नगर गौ रक्षा प्रमुख अखिल सिंह,प्रखंड संयोजक सुवेंद्र राजपूत,सत्संग प्रमुख पिंटू सोनी को नियुक्त किया गया जिला गौ रक्षा प्रमुख धर्मेंद्र,नगर जिला सुरक्षा प्रमुख राहुल राजपूत जिला बल उपासना प्रमुख लालू यादव आदि मौजूद रहे।

---

# 1880 ग्राम गांजा बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

### मादक पदार्थों के विरुद्ध चैनपुर पुलिस ने की कारवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या



पुलिस चैनपुर ने अवैध गांजे की तस्करी के विरुद्ध की बड़ी कार्रवाई की हैं,जिसमें एक आरोपी को 1 किलो 880 ग्राम गांजा (रू.18,800) सहित गिरफ्तार किया गया है। बुधवार के घटनाक्रम के अनुसार आरोपी धूपा फाटे पर संदिग्ध रूप से खड़ा था,जिसके पास एक रंग की बोरी थी और वह बस के आने का इंतजार कर रहा था।

घटनाक्रम के अनुसार पुलिस चौकी हेलापडावा पर मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी के पास गांजा होने की आशंका है और वह कहीं जाने की फिराक में है। एसडीओपी भीकनगांव राकेश आर्य के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चैनपुर गेहलोद सेमलिया और चौकी प्रभारी रमेश गहलोत ने तत्काल पुलिस टीम का गठन कर उन्हें रवाना किया गया। वहां मौके पर बताये गए हुलिए के कालु पिता सोमारिया अलावे उम्र 32 वर्ष, निवासी सरपंच फाल्या पलोना को पकड़ किया गया। जिसकी बोरी को चेक करने पर उसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा पाया गया,जिसे बरामद कर लिया गया।उल्लेखनीय है कि पुलिस महानिरीक्षक इन्दौर (ग्रामीण) अनुराग एवं पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज सिद्धार्थ बहुगुणा,पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना व अति. पुलिस अधीक्षक शकुन्तला रुहल ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरुध्द कार्रवाई के निर्देश दिए थे। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 261/25 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है।

---

### सड़क हादसों को लेकर राह-वीर योजना की शुरुआत

# घायलों की जान बचाने पर मिलेंगे 25 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने राह-वीर योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर यानी दुर्घटना के एक घंटे के भीतर अस्पताल या ट्रामा केयर सेंटर पहुंचाने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति-पत्र दिया जाएगा।

योजना की गाइडलाइन के अनुसार, कोई भी व्यक्ति जो मोटर यान दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय रहते अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाता है, वह राह-वीर कहलाएगा और योजना का लाभ पाने का पात्र होगा। प्रत्येक राह-वीर को एक वर्ष में अधिकतम 5 बार इस योजना के तहत सम्मानित किया जा सकेगा। योजना के तहत दी जाने वाली राशि परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा वहन की जाएगी। चुने गए राह-वीरों में से सबसे योग्य 10 को राष्ट्रीय स्तर पर एक-एक लाख रुपये का पुरस्कार भी दिया जाएगा।

#### चयन कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति करेगी

राह-वीर का चयन कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जाएगा, जिसमें पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी शामिल होंगे। ये समिति पुलिस थाना, अस्पताल और ट्रामा सेंटर से प्राप्त जानकारी के आधार पर मासिक रूप से प्रकरणों की समीक्षा कर निर्णय लेगी। चुने गए राह-वीर को राज्य परिवहन आयुक्त द्वारा सीधे उनके बैंक खाते में प्रोत्साहन राशि हस्तांतरित की जाएगी।

राज्य स्तर पर योजना की निगरानी के लिए प्रमुख सचिव गृह की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है, जो हर तीन माह में योजना की समीक्षा करेगी। इस योजना का उद्देश्य न केवल दुर्घटना पीड़ितों को समय पर चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराना है, बल्कि आम नागरिकों को भी जीवन रक्षा के लिए प्रेरित करना है।

---

### नपाध्यक्ष बोले-हमारे स्वच्छता मित्र इस उपलब्धि के असली हीरो हैं

# स्वच्छता पुरस्कार के नायकों को सम्मान देकर दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में देश में छठवें स्थान एवं प्रदेश में प्रथम स्थान को प्राप्त करने के लिए शहर के लुनियापुरा स्थित एक निजी गार्डन में स्वच्छता पुरस्कार के नायकों को सम्मानित किया गया गया और इस मौके पर आगामी वर्ष 2025-2026 में देश में प्रथम आने का लक्ष्य हासिल करने की अपील की है। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहाकि हम पहले देश भर में बहुत पीछे थे, लेकिन आज प्रदेश में प्रथम स्थान में इस सफलता का श्रेय हमारे स्वच्छता मित्र है और इस उपलब्धि के असली हीरों है। अवार्ड मिलने के बाद एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर, सभी वार्ड के करीब 400 सफाई कर्मचारी, दरोगा, स्वच्छता प्रभारी आदि के मध्य पहुंचकर मिठाई खिलाकर उन्हें सम्मानित किया।

इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने कहाकि इस कार्यक्रम के कोई मुख्य अतिथि है तो वह हमारे नगर पालिका अमले के स्वच्छता मित्र यह पुरस्कार आपकी मेहनत का नतीजा है, आप सबने दिन-रात मेहनत कर शहर को चमकाया है अब हमें मिलकर शहर को चमकाया है, अब हमें मिलकर इसे देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाना है। उन्होंने कहा कि शहर अब केवल पुरस्कार नहीं, बल्कि जन-अभियान और स्वाभिमान का प्रतीक बनाना है। जनता का साथ भी मिल रहा है और अगर यही सहयोग बना रहा तो आने वाले समय में सीहोर नंबर वन पर होगा। स्वच्छता में देश का नगर पालिकाओं में दूसरा स्थान हासिल करने पर सभी अधिकारियों ने फील्ड पर जाकर सफाई कर्मियों का उत्साहवर्धन किया। सभी को मिठाई और शुभकामनाएं दी गईं। नगर पालिका द्वारा स्वास्थ्य मित्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान नगर पालिका परिषद के अधिकारियों एवं स्वास्थ्य मित्रों का शाल श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत-सम्मान किया एवं स्वास्थ्य मित्रों द्वारा हर्षोल्लास देख मन प्रसन्न हुआ। इस अवसर पर पंडित मोहित राम पाठक, गौरव सन्नी महाजन, सीएमओ सुधीर सिंह, चार सौ से अधिक स्वच्छता मित्र, 13 दरोगा, प्रभारी अमित यादव, उप प्रभारी अभिषेक यादव, रेखा बोयत के अलावा स्वास्थ्य सभापति मुकेश मेवाड़ा, उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, अर्जुन राठौर, कमलेश कुशवाहा, विजेन्द्र परमार, अजय पाल राजपूत, कमलेश राठौर, दिलीप राठौर, विशाल राठौर, प्रदीप बिजोरिया, मांगीलाल मालवीय, प्रदीप गौतम और लोकेन्द्र वर्मा के अलावा मौजूद थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई चंद्रशेखर आजाद की जयंती

**सीहोर।** क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर माल्यापरण एवं दीप प्रज्जवलित कर उन्हे याद किया और अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए एवं देशहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को इंग्लिशपुरे में क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने अनुशासन के साथ भाजपा नेता मनोज शर्मा के मुख्य अतिथिय में कार्यक्रम आयोजित किया। शर्मा ने कहा कि क्रांतिकारी आजाद ने अंग्रेजों को देश छोडऩे के लिए मजबूर कर दिया था हम देश की आजादी के लिए दी गई उनकी जीवन कुर्बनी को कभी नहीं भूलेंगे। कां्रतिकारियों के बलिदान से ही हम आजादी की सांस ले रहे है। कार्यक्रम में सेवा यादव, मनोहर सिसोदिया,हरीश विश्वकर्मा, मणीकांत जोशी, संजय सेन, राजेंद्र नागर,निखिल वर्मा, अमन वर्मा, संतोष वर्म आदि उपस्थित रहे।